जासूस बिग मैक्स

ने खोए मूस को कैसे खोज निकाला

किन प्लैट

चित्र: रॉबर्ट लोपशायर

टेलीफोन की घंटी बजी.

"क्या आप गुम हुए मूस को ढूंढ सकते हैं?" एक आदमी ने पूछा.

"मैं कुछ भी खोज सकता हूं," जासूस बिग मैक्स ने कहा.

"किसी मूस का खोना बहुत मुश्किल है," बिग मैक्स ने कहा. इसलिए उसे ढूंढना भी इतना आसान नहीं होगा."

किन प्लैट और रॉबर्ट लोपशायर ने जासूस बिग मैक्स के साथ एक नए रोमांच को फिर से रचा है और युवा पाठक बिग मैक्स द्वारा गुम हुए मूस के रहस्य को खोजने का आनंद लेंगे.

जासूस बिग मैक्स ने खोए मूस को कैसे खोज निकाला

किन प्लैट

चित्र: रॉबर्ट लोपशायर

बिग मैक्स ने अपने टेलीफोन की ओर देखा,

"आज किसी ने मुझे फोन नहीं किया," उसने कहा.

बिग मैक्स
दुनिया का सबसे
महान जासूस

"क्या आप एक खोया हुआ मूस ढूंढ सकते हैं?" एक आदमी ने कहा.

"मैं कुछ भी खोज सकता हूं," बिग मैक्स ने कहा.

"तो फिर मार्विन को ढूंढो," उस आदमी ने कहा.

"किसी मूस को खोना बहुत मुश्किल है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"अच्छा, तो फिर शहर के चिड़ियाघर में आओ," उस आदमी ने कहा.

"मैं बस घर से निकल रहा हूं,"

बिग मैक्स ने कहा.

बिग मैक्स ने अपनी छतरी में फूंक मारी.

छतरी हवा से भर गई.

"देखो मेरी छतरी उड़ान भरने के लिए
तैयार है," उसने कहा.

बिग मैक्स आसमान में उड़ गया.

जल्द ही उसे एक हवाई जहाज मिला.

"मैं एक खोया हुआ मूस ढूंढ रहा हूं,"
बिग मैक्स ने कहा.

"क्षमा करें," कप्तान ने कहा.

"हमारे पास एक भी मूस नहीं है.

हम केवल लोगों को ही लेकर जाते हैं."

बिग मैक्स को कुछ समुद्री चीले मिलीं.

"हम मछली की तलाश कर रहे हैं,"

उनमें से एक समुद्री चील ने कहा.

"क्या आप हमारे साथ नाश्ते में

शामिल होना चाहेंगे?"

"नहीं, धन्यवाद,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मैं मूस की तलाश में हूँ."

"ऐसा नहीं लगता कि उसे भूख लगी है,"

एक समुद्री चील ने कहा.

बिग मैक्स शहर के चिड़ियाघर के ऊपर से उड़ा.

"लैंडिंग के लिए तैयार हो," वो चिल्लाया.

बिग मैक्स तेजी से नीचे आया.

वह एक झटके के साथ उतरा.

"ओह!" एक आदमी चिल्लाया.

"मैं आपको यह बताना भूल गया कि मैं

छाते से यात्रा करता हूँ," बिग मैक्स ने कहा.

"लेकिन अब मुझे पता चल गया,"

उस आदमी ने कहा,

"मैं चिड़ियाघर का रखवाला हूँ.

मेरा नाम मिस्टर ज़ोंकर है."

"क्या आपका मूस, मार्विन, खो गया है

या चोरी हो गया है?" बिग मैक्स ने पूछा.

"बताओ, मूस को भला कौन चुराना चाहेगा?"
मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

"मार्विन किसी के घर को पूरी तरह भर सकता
है. साथ ही वह बहुत खाता भी है.

कोई भी उस तरह का पालतू जानवर नहीं
चाहेगा.

हमारे यहाँ बहुत सारे जानवर हैं,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा,

"आर्डवार्क से लेकर ज़ेबरा तक.

लेकिन मार्विन हमारा एकमात्र मूस है."

"मैं उसे ढूँढ निकलूंगा," बिग मैक्स ने कहा.

"यह मार्विन का पिंजरा है,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा,

"हॉट-डॉग स्टैंड के ठीक पास."

"मुझे हॉट-डॉग बहुत पसंद हैं,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन को भी," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"उसे सरसों के साथ हॉट-डॉग बहुत पसंद हैं."

"मुझे भी," बिग मैक्स ने कहा.

"हम्म! मार्विन का पिंजरा अभी भी बंद है.

और पिंजरे की सलाखें मुड़ी हुई नहीं हैं, इसलिए मार्विन उनमें से फिसलकर नहीं निकला होगा."

"मार्विन को कूदना पसंद था,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा,

"कोई भी मूस इतनी ऊँचाई तक नहीं कूद सकता," बिग मैक्स ने कहा.

"आपने मार्विन को आखिरी बार कब देखा था?"

"कल," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"अंदर कोई पैरों के निशान भी नहीं हैं,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन ने लापता होने का एक नया तरीका ढूँढ़ लिया है."

"आप यह बात मुझे बता रहे हैं," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"हम्म," बिग मैक्स ने कहा.

"मुझे यहाँ मूंगफली के छिलके भी दिखाई दे रहे हैं."

"मार्विन को मूंगफली भी बहुत पसंद थीं,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"यह एक अच्छा सुराग हो सकता है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन कहाँ से आया था?" बिग मैक्स ने पूछा.

"वह बहुत दूर उत्तर से आया था,

वो मूस-लैंड से आया था,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"हम्म," बिग मैक्स ने कहा.

अचानक उन्होंने सुना

घुर्राना!

"यह क्या है?" बिग मैक्स ने पूछा.

"मेरे शेर घबरा रहे हैं," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"उन्हें इस तरह के हवादार दिनों में गुब्बारे बिलकुल पसंद नहीं हैं."

"लेकिन मुझे तो कोई गुब्बारा नहीं दिख रहा है," बिग मैक्स ने कहा.

"गुब्बारा वाला वहाँ है,"

चिड़ियाघर के रखवाले ने कहा.

"वह गुब्बारों में हवा भरता है

और उन्हें बच्चों को बेचता है."

"यह तो बहुत अच्छा है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"लेकिन मेरे शेरों के लिए नहीं,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"उन्हें गुब्बारों से नफ़रत है."

"मार्विन को गुब्बारे कैसे लगते थे?"

बिग मैक्स ने पूछा.

"वो गुब्बारों से प्यार करता था,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"मुझे खुश बच्चे देखना पसंद है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"वे ज़्यादा समय तक खुश नहीं रहेंगे,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"देखो!" बच्चों ने गुब्बारे लहराए,

और उन्हें शेरों को दिखाया.

हवा तेज़ चली.

उससे गुब्बारे उड़ गए.

"वापस आओ गुब्बारों!" बच्चे चिल्लाए.

शेर गुब्बारों पर कूद पड़े.

कुछ ने उन्हें खाने की कोशिश की.

पॉप पॉप पॉप पॉप पॉप!

गुब्बारे फूट गए,

बच्चे चिल्लाने लगे,

और शेर दहाड़ने लगे,

बढ़ो-बढ़ो!

"मार्विन कभी गुस्सा नहीं होता था,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"वह बच्चों से बहुत प्यार करता था."

बिग मैक्स ने मार्विन के पिंजरे को देखा.

मार्विन का पिंजरा गुब्बारों से भरा था.

"हा!" बिग मैक्स ने कहा.

पता है उसने यह कैसे किया! जल्दी आओ!

कोई भी मामला इतना मुश्किल नहीं है,

अगर हम देखें और सोचें."

"अगर तुम मार्विन को नहीं खोज पाए,

तो मैं अपनी नौकरी खो दूंगा,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"मूस की आवाज़ तेज़ हॉर्न की तरह होती है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"अगर मार्विन आसपास होगा,

तो हम उसे आसानी से खोज लेंगे,"

उन्होंने एक तेज़ आवाज़ सुनी.

आह-हम्म!

वे कोने में छिपने के लिए भागे.

"वह मार्विन नहीं है," बिग मैक्स ने कहा.

"वह एक अटका हुआ कार का हॉर्न है."

"उसने मुझे निश्चित रूप से मूर्ख बनाया,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

उन्होंने एक और तेज़ आवाज़ सुनी.

आह-हम्म-आह-हम्म!

"तुम जहाँ हो, वहीं रहो, मार्विन,"

मिस्टर ज़ोंकर ने चिल्लाया.

"हम आ रहे हैं!" आवाज़ तेज़ हो गई.

ऊम-पा-पा!

ऊम-पा-पा!

"यह एक बैंड बाजा है!" बिग मैक्स ने कहा,

"इस तरह के हॉर्न हमें मूर्ख बना सकते हैं."

"शायद तुम इतने अच्छे जासूस नहीं हो,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"वो हम देखेंगे,"

बिग मैक्स ने कहा.

तभी उन्होंने एक नई आवाज़ सुनी.

आह-मा-मूम!

वे आवाज़ का पीछा करते हुए

समुद्र तक पहुँच गए.

"मार्विन, तुम कहाँ हो?" चिड़ियाघर

का रखवाला चिल्लाया.

"मार्विन एक स्मार्ट मूस है."

बिग मैक्स ने कहा.

"उसने अपना कोई निशान नहीं छोड़ा है."

उन्होंने आह-मा-मूम की आवाज़ सुनी!

बिग मैक्स को एक नाव मिली,

"उस मूस का पीछा करो," उसने कहा.

"जी हाँ, सर," कप्तान ने कहा.

कोहरा छा गया.

हवा एकदम साफ़ मटर

के सूप की तरह लग रही थी.

"मार्विन, क्या तुम वहाँ हो?"

मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाए.

उन्होंने फिर से आवाज़ सुनी.

आह-मा-मूम!

इस बार वो आवाज़ बाईं ओर से आई.

"मार्विन!" मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाए.

"वहीं रुको!"

आवाज़ दाईं ओर से आई.

आह-मा-मूम!

"मार्विन, इधर-उधर भागना बंद करो,"

मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाए.

कोहरा छँट गया.

"हमें बेवकूफ़ बनाया गया," बिग मैक्स ने कहा.

"मूस की आवाज़ फ़ॉगहॉर्न जैसी होती है.

लेकिन वे तो असली फ़ॉगहॉर्न थे."

कोहरा फिर से छा गया.

क्रनन्ननच!

"हम यहाँ उतरते हैं," बिग मैक्स ने कहा.

"हम कहाँ पर हैं?" मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

"हम सही जगह पर हैं," बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन इस तरफ़ गया होगा,"

बिग मैक्स ने कहा.

"वे मूस के पदचिह्न नहीं हैं,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"वे स्लेज के पदचिह्न और कुत्ते के पदचिह्न हैं,"

"मुझे पता है," बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन एक चतुर मूस है.

उसने स्लेज पर सवारी की होगी."

बिग मैक्स ने कुत्तों की टीम और

एक डॉग स्लेज किराए पर ली.

"मश!" बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन, मैं जम रहा हूँ,"

मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाए.

"तुम मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हो?"

'यह एक जमी हुई झील है,"

बिग मैक्स ने कहा. "मार्विन इस तरफ गया होगा."

"तुम्हें कैसे पता?" मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

"ज़रा उस बड़े छेद को देखो,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मार्विन और स्लेज बहुत भारी थे.

वे बर्फ में गिर गए होंगे."

एक अजीब सी आवाज़ आई.

टूटना! क्रैक!

बिग मैक्स और मिस्टर ज़ोंकर भी

बर्फ में गिर गए.

"मार्विन ने ऐसा ही किया होगा,"

बिग मैक्स ने कहा.

"तुम एक महान जासूस हो!"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

उन्होंने गर्म रहने के लिए आग जलाई.

"बेचारा मार्विन," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"वह जम गया होगा,"

बिग मैक्स बर्फ की एक पहाड़ी पर खड़ा था.

"आइए सोचें," बिग मैक्स ने कहा.

"यह पहाड़ी हिल रही है.

पहाड़ियाँ हिलती नहीं हैं.

यह पहाड़ी अब एक ध्रुवीय भालू

जितनी ऊँची हो गई है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"इसके दाँत ध्रुवीय भालू जैसे हैं."

"आआआआआआआआआआआआआह ... "

पहाड़ी ने कहा.

"उसका कुछ और सबूत है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"हम एक मूस को खोज रहे हैं,

न कि ध्रुवीय भालू को."

"मूस उस तरफ हैं," भालू ने कहा.

फिर वो एक जंगल में पहुंचे.

“मर्विन कहीं खो गया होगा,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“जरा उसको बुलाएं, फिर हम देखेंगे,”

बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन, तुम कहां हो?”

तभी उन्हें एक आवाज सुनाई दी.

"आहा हूं!”

“वो मर्विन की आवाज है,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“चलो, एक और केस सुलझ गया,”

बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन,” मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा,
“यह बाकी मूस कौन हैं?”

“यह मेरी पत्नी है,” मर्विन ने कहा।

“और यह मेरे दो बच्चे हैं.

बच्चों जरा मिस्टर ज़ोंकर से हैलो कहो।”

आह-हा-हूम!" उन्होंने कहा.

"यह बिग मैक्स है," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"उसने मुझे तुम्हें खोजने में मदद की."

"गुब्बारों ने मुझे सुराग दिया,"

बिग मैक्स ने कहा.

"गुब्बारे और हवा."

"बच्चों के गुब्बारे तुम्हारे सींगों में फंस गए.

हवा ने तुम्हें ऊपर उठा लिया और

तुम्हें पिंजरे से बाहर निकाल दिया.

गुब्बारे तुम्हें पानी तक ले गए.

जब हवा खत्म हो गई, तो तुम तैरने लगे."

"आपने सही अनुमान लगाया,"

मार्विन ने कहा.

"लेकिन तुमने ऐसा क्यों किया, मार्विन?"

मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

"मार्विन हर दिन चिड़ियाघर में

बच्चों के साथ खेलता था," बिग मैक्स ने कहा.

"लेकिन उसे अपने परिवार की

हमेशा याद सताती थी."

"हाँ," मार्विन ने कहा.

"तुमने फिर से सही अनुमान लगाया."

"तुम अपने पूरे परिवार को अपने साथ

चिड़ियाघर में रहने के लिए ला सकते हो,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"हॉट-डॉग के बारे में क्या?" मार्विन ने पूछा.

"तुम जितने चाहो उतने हॉट-डॉग खा सकते हो,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"हम वही करेंगे," मार्विन की पत्नी ने कहा.

"मुझे हॉट-डॉग बहुत अच्छे लगते हैं!"

"यह एक अच्छा सौदा है!"

मार्विन ने कहा.

"बिग मैक्स, मार्विन को खोजने के

लिए तुम्हारा बिल कितना होगा?"

मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

"अगर आपको कोई आपत्ति न हो,"

बिग मैक्स ने कहा,

"तो मैं अपना पेमेंट हॉट-डॉग्स में लेना पसंद करूंगा."

चिड़ियाघर के रखवाले ने कहा,

"मुझे उसमें कोई आपत्ति नहीं है."

बिग मैक्स ने गहरी सांस ली.

उसका छाता उसे ऊपर हवा में ले गया.

"मैं तुमसे चिड़ियाघर में फिर से मिलूंगा,"

दुनिया के सबसे महान जासूस बिग मैक्स चिल्लाया.

अंत